प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भुक्रवार** **दिनांक 10.10.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1—छत्तीसगढ़ में पन्द्रह नवम्बर से इकतीस जनवरी के बीच की जाएगी धान खरीदी—राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया निर्णय।

2—प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देशभर में पच्चीस लाख नए एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत—छत्तीसगढ़ के एक लाख उनसठ हजार पात्र हितग्राहियों को भी मिलेगा लाभ।

3— बस्तर ओलंपिक की सफलता के बाद राज्य सरकार ने अब सरगुजा ओलंपिक कराने का लिया निर्णय।

4—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन—धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे।

**मंत्रिमंडल—निर्णय**

छत्तीसगढ़ में पन्द्रह नवम्बर से इकतीस जनवरी के बीच धान खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि पच्चीस लाख किसानों से इकतीस सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से इक्कीस क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जाएगी।

श्री साव ने बताया कि इस वर्ष ई—केवाईसी के माध्यम से कृषि मंत्रालय के एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को अनिवार्य किया गया है, जिससे किसानों की सहीं पहचान हो। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन इकतीस अक्टूबर तक कराया जा सकता है। श्री साव ने बताया कि प्रशासन द्वारा पारदर्शिता के साथ किसानों को समय पर भुगतान किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष धान खरीदी में ''तुंहर हाथ मोबाईल ऐप'' के माध्यम से ऑनलाईन टोकन की व्यवस्था की गई है। इसके तहत किसान अपनी सुविधा अनुसार धान विक्रय किये जाने के लिए टोकन ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि वास्तविक किसानों से धान खरीदी करने के लिए बायोमैट्रिक पद्धति अपनाई जाएगी।

श्री साव ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की बेहतर मॉनिटरिंग व्यवस्था के लिए पहली बार इंटिग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर मार्कफेड कार्यालय में स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया है। अन्य जिलों में भी कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रो में प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया है, जिनकी नियुक्ति कलेक्टर द्वारा की जाएगी।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना–कनेक्शन

केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देशभर में पच्चीस लाख नए एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ में "सुशासन तिहार" और "नियद नेल्ला नार योजना" के एक लाख उनसठ हजार पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिलेगा।

इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के प्रति आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस निर्णय से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों की महिलाएं अब प्रदूषण रहित वातावरण में जीवन जी सकेंगी।

## सरगुजा ओलंपिक

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि बस्तर ओलंपिक की सफलता के बाद राज्य सरकार ने अब सरगुजा ओलंपिक कराने का फैसला लिया है। श्री साव ने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवसर और पहचान बनाने का मौका मिलेगा।

## प्रधानमंत्री–धन धान्य योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल ग्यारह अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। कृषि मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना के तहत देशभर के कम उत्पादकता वाले सौ जिलों में व्यापक कृषि विकास किया जाएगा। योजना के तहत किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि करना और प्रत्येक खेत के लिए सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और ऋण और भंडारण अवसंरचना तक आसान पहुंच प्रदान करना है।

## बातों–बातों–में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **हाल ही में मनाए गए राष्ट्रीय डाक सप्ताह और डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं पर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के निदेशक दिनेश कुमार मिस्त्री से** ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल ग्यारह अक्टूबर को एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग–एक सौ तीस–डी–निर्माण

बस्तर अंचल को महाराष्ट्र से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग–एक सौ तीस–डी के कुतुल से नीलांगुर तक इक्कीस किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा पूरी कर ली गई है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई लगभग एक सौ पंचानवे किलोमीटर है। यह कोण्डागांव से शुरू होकर नारायणपुर, कुतुल होते हुए नीलांगुर महाराष्ट्र तक जाता है। इस मार्ग के विकसित होने से बस्तर क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ जाएगा और व्यापार, पर्यटन और सुरक्षा को बड़ी मजबूती मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि यह सड़क न केवल छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को जोड़ेगी, बल्कि बस्तर अंचल के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी।

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस**

आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को गति प्रदान करना है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह दिन लोगों को अपने भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की याद दिलाता है। श्री नड्डा ने कहा कि इस वर्ष की थीम है—"सेवाओं तक पहुंच – आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य।"

**भारत मोबाइल कांग्रेस**

राज्य के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने देश के विभिन्न राज्यों को डेटा सेंटर और डिज़ास्टर रिकवरी साइट स्थापित करने के लिए छत्तीसगढ़ आमंत्रित किया है। उन्होंने यह बात कल नई दिल्ली में आयोजित भारत मोबाइल कांग्रेस को संबोधित करते हुए कही। श्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भूंकपीय जोखिम काफी कम है, इसलिए ऐसी सुविधाओं को स्थापित करने के लिए छत्तीसगढ़ काफी अनुकूल है। श्री चौधरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ दूरसंचार का विस्तार किया जा रहा है।

इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री शामिल हुए।

**मुख्यमंत्री—ज्ञापन**

नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद कार्यालय में विभागीय अपर संचालक के साथ हुई अभद्रता और कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना के विरोध में आज छत्तीसगढ़ कर्मचारी—अधिकारी फेडरेशन और छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह घटना केवल एक शासकीय अधिकारी पर हमला नहीं, बल्कि शासन—प्रशासन की संस्थागत गरिमा और अनुशासन पर सीधा प्रहार है।

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि पत्रकारों की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है, किंतु पत्रकारिता के नाम पर भय, भ्रम और दबाव का वातावरण बनाना न केवल वास्तविक पत्रकारिता का अपमान है, बल्कि समाज और शासन दोनों के प्रति विश्वासघात है।

**विधि विश्वविद्यालय—प्रतियोगिता शुभारंभ**

उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में अंतर—विश्वविद्यालय उत्सव एचएनएलयू कोलोसस और आईएमयूएनसी का शुभारंभ किया। बारह अक्टूबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के पैंसठ विधि विश्वविद्यालयों के पांच सौ युवा हिस्सेदारी कर रहे हैं।

**मोहला—मानपुर—सम्मान**

नीति आयोग द्वारा आयोजित "नीति फॉर स्टेट्स—यूज़ केस चैलेंज" में मोहला—मानपुर—अंबागढ़ चौकी जिले को स्वास्थ्य और पोषण विषय के तहत कुपोषण प्रबंधन श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित समारोह में जिला कलेक्टर तुलिका प्रजापति को यह सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान जिले की नवाचारी पहल "सैम/मैम इन चिल्ड्रन" को दिया गया है, जिसके माध्यम से गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान, उपचार और निगरानी के लिए सामुदायिक आधारित सशक्त मॉडल विकसित किया गया।

**<u>शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता</u>**

कबीरधाम जिले के स्वामी करपात्री स्टेडियम में आज से पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक भावना बोहरा ने किया। इसमें बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर और सरगुजा संभाग के कुल चार सौ चालीस खिलाडी भाग ले रहे हैं। तेरह अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, सॉफ्टबॉल और हैंडबॉल जैसी स्पर्धाएं होंगी।

**<u>समाचार संक्षेप में ...</u>**

—उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बलौदाबाजार—भाटापारा जिले के सिमगा थाना में सीसीटीवी सिटी सर्विलांस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी उपस्थित थे।

—कबीरधाम जिले के स्वामी करपात्री स्टेडियम में आज से पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक भावना बोहरा ने किया।

—बीजापुर जिले के पिड़िया इलाके में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

—एंटी करप्शन ब्यूरो—एसीबी की टीम ने बिलासपुर स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ एक कलर्क को दस हज़ार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>